तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज सांगाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार शेरगढ) **सू.अ.अ. अपील संख्या 25/2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.02.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी सांगाराम पुत्र बाबुराम पता बासनी प्रथम फेस, अमृता बाई गार्डन के पास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 30.11.2019 में उसके द्वारा (1) ग्राम पंचायत तेना, नाहरसिंह नगर, खिरजाखास, हिमतपुरा, हड़मतनगर, शेरगढ के पटवारी की सेवा पुस्तिका, सेवा अभिलेख की प्रमाणित प्रति व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार शेरगढ) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार शेरगढ) से आज दिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	